हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–124 : जौनपुर, गुरुवार 12 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## 16 देशों में रोड शो से यूपी में 7 लाख 12 हजार करोड़ के निवेश का खुला रास्ता –सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : सांसद और विधायकों के साथ प्रदेशहित में संचालित विकास परियोजनाओं की पड़ताल की जारी शृंखला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को चित्रकूटधाम मंडल की समीक्षा की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने एक–एक कर जनपद बांदा, महोबा, हमीरपुर और चित्रकूट जिलों से आए सांसद व विधायकों से उनके क्षेत्र की विकास योजनाओं की जानकारी ली और आवश्यकतानुसार दिशा–निर्देश भी दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने नवीन विकास कार्यों के बारे क्षेत्रीय जनाकांक्षाओं से भी अवगत कराया और इस संबंध में अपने प्रस्ताव भी दिए। मुख्यमंत्री योगी ने सांसद और विधायकों के इन प्रस्तावों पर तत्काल कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को निर्देशित भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने जनप्रतिनिधियों से आगामी 10–12 फरवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने स्वयं के लिए +1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए पूरा उत्तर प्रदेश एकजुट होकर प्रयास कर रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि समिट से पहले दुनिया भर के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण देने की हमारी कार्ययोजना को आशातीत सफलता मिली है। 16 राष्ट्रों में हुए रोड शो से 7 लाख 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है। विदेश में रोड शो की सफलता के बाद अब देश के प्रमुख महानगरों में उद्योग जगत को आमंत्रित करने रोड शो का आयोजन हो रहा है। जीआईएस–2023 ऐतिहासिक होने जा रहा है। व्यापक निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिसका सीधा लाभ हमारे युवाओं को मिलेगा। बांदा, महोबा, हमीरपुर और चित्रकूट जिलों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है। हर जिला औद्योगिक विकास के अपार अवसरों से भरा है। पर्याप्त लैंडबैंक है। जनप्रतिनिधियों को अपनी इन विशिष्टताओं से देश–दुनिया को परिचय कराना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चित्रकूट, जहां भगवान राम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय व्यतीत किया था, आज चहुंमुखी विकास की नई कहानी कह रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे के माध्यम से आज यहां बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी है। एयरपोर्ट का विकास हो रहा है। डिफेंस कॉरीडोर का एक महत्वपूर्ण नोड चित्रकूट में ही है। यहां के हर घर में नल से शुद्ध पेयजल सुलभ हो रहा है। इन प्रयासों से आज पूरे चित्रकूट धाम मंडल में सकारात्मकता का संचार हुआ है। आम जन की सुविधा के दृष्टिगत ईज ऑफ लिविंग के सभी मानकों पर चित्रकूट में कार्य किया गया है। जनपदीय निवेशक सम्मेलन के आयोजन के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करें मुख्यमंत्री योगी बोले, जनपदीय निवेशक सम्मेलन के आयोजन के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करें। सांसद के नेतृत्व में विधायक गण कमान संभालें। जिला प्रशासन, औद्योगिक




अवस्थापना विभाग, इन्वेस्ट यूपी और मुख्यमंत्री कार्यालय से सहयोग लें। अपने क्षेत्र के उद्यमियों, व्यापारियों, प्रवासी जनों से संवाद–संपर्क बनाएं। उन्हें प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीतियों, सेक्टोरल पॉलिसी की जानकारी दें। अपने क्षेत्र के पोटेंशियल का परिचय दें और निवेश के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि विदेशी और घरेलू निवेशक रोड शो से प्रेरणा लेते हुए अनेक जनपदों ने जिला स्तर पर निवेशक सम्मेलन आयोजित किए और हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए। ऐसे ही प्रयास चित्रकूट मंडल में भी किये जाने चाहिए। राज्य सरकार द्वारा सभी तहसील मुख्यालयों पर चरणबद्ध रूप से फायर स्टेशन स्थापित कराए जा रहे हैं। चित्रकूट के हर तहसील में अग्निशमन केंद्र होंगे। यहां प्रशिक्षित कर्मी तैनात होंगे। विगत साढ़े पांच–छह वर्षों में योजनाबद्ध प्रयासों से प्रदेश में खनन संबंधी कार्यों में पारदर्शिता आई है। आमजन हों या पट्टाधारक अथवा ट्रांसपोर्टर, सभी की सुविधा का ध्यान रखते हुए अनेक अभिनव प्रयास किए गए हैं। खनन कार्य से जुड़े सभी हितधारकों के लिए पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने में सांसद–विधायक गण भी सहयोग करें। कहीं भी अवैध खनन अथवा ओवरलोडिंग की गतिविधि न हो। वर्षों से लंबित अर्जुन सहायक परियोजना के पूरा होने से हमीरपुर, महोबा और बांदा के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध हो रहा है। यह परियोजना बुंदेलखंड के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली है। औद्योगिक नीतियों का प्रचार–प्रसार करें सांसद–विधायक गण प्रदेश सरकार की नई औद्योगिक नीतियों का व्यापक प्रचार–प्रसार करें। स्थानीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक व आईटीआई में युवाओं के बीच इन पर परिचर्चा कराई जाए। जनप्रतिनिधिगण इन कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें। जनप्रतिनिधि गण क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करते रहें। यह योजनाएं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की छवि निर्माण में सहायक हैं। गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने में जनप्रतिनिधियों को योगदान करना होगा। तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करें। आज सोशल मीडिया, संवाद का बेहतरीन माध्यम बन कर उभरा है। सभी सांसद और विधायकगणों को इस मंच का उपयोग करना चाहिए। केंद्र व राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं, औद्योगिक नीतियों, रोजगारपरक कार्यक्रमों के बारे में सकारात्मक भाव से सोशल मीडिया मंच पर अपनी राय रखनी चाहिए। जनता से संपर्क–संवाद बनाने में यह मंच अत्यंत उपयोगी है। बुंदेलखंड के सभी जनपदों में विषमुक्त गौ–आधारित प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सांसद और विधायक गण रुचि लेकर किसानों को इस बड़े कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास करें। निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए राज्य सरकार के स्तर पर निराश्रित गो–आश्रय स्थल निर्माण, सहभागिता योजना तथा कुपोषित परिवारों को गाय उपलब्ध कराने की तीन योजनाएं चल रही हैं। जनप्रतिनिधियों को रुचि लेकर इन योजनाओं का प्रचार–प्रसार करना चाहिए। संभ्रांत परिवारों को भी गो–पालन के प्रति प्रेरित किया जाना चाहिए। निराश्रित गोवंश प्रबंधन में हर जनप्रतिनिधि का सहयोग आवश्यक है।

## 50 लाख से ऊपर की योजनाओं के प्रगति की हुई समीक्षा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में 50 लाख की लागत से ऊपर की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यू0पी0आर0एन0एस0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को कार्य में विलंब करने के कारण स्पष्टीकरण दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंनें पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर असलेमपुर को हैडओवर कराये अन्यथा सम्बन्धित ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराये और अन्य निर्माणाधीन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर को जनवरी, 2023 तक पूर्ण कराने के कड़े निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सांसद एवं विधायक निधि के द्वारा दिये गये कार्यो को प्राथमिकता पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि उपरोक्त निधि से सम्पादित कार्य सार्वजनिक उपयोग के हो। पी.डी. को निर्देशित किया कि उपरोक्त धनराशि से होने वाले समस्त कार्य शासन के मानक के अनुरूप हो। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राज्यमार्ग निर्माण निगम आजमगढ़ के परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिया कि शास्त्री पुल के बगल में बनने वाले पुल पर 01 महीने के भीतर निर्माण कार्य शुरू करें। जेसीज से पंचहटिया तक फोरलेन बनाये जाने का प्रस्ताव भेंजे, सिटी स्टेशन पर सर्विस रोड के मार्ग को चौड़ीकरण कराये जाने का प्रस्ताव भेजे। पॉलिटेक्निक से सिटी स्टेशन तक की सड़क 01 महीने के भीतर पूर्ण कराये। इस अवसर पर पी.डी. जयकेश त्रिपाठी, उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद देश में युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं –रणवीर सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जन शिक्षा परिषद हरदोई के जिला मन्त्री डा. शीर्षेन्दु शील "विपिन" ने बताया कि जन शिक्षा परिषद द्वारा संचालित 21सरस्वती शिशु व विद्या मन्दिर विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे 2340 बालक, 987 बालिकाएं 248 आचार्य, 649 अभिवावक ने सूर्य नमस्कार किया। आज दिनांक 12/1/2023 को सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान अल्लीपुर हरदोई द्वारा संचालित डॉ राममनोहर लोहिया महाविद्यालय में युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात आए हुए सभी अतिथियों का बैच लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत गीत पूर्णिमा,युक्ता,शिवानी मोनी के द्वारा प्रस्तुत किया गया।डॉ0एस0के0पाण्डेय द्वारा संस्थान के द्वारा संचालित अनेक योजनाओं परियोजनाओं की जानकारी दी गई। जिसके द्वारा समाज लाभान्वित हो रहा है व संस्थान ख्याति प्राप्त करके निरंतर ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रणवीर सिंह ने कहा कि प्राचीन संदेश के आधुनिक प्रवाह भारत के महान सपूत एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी का स्मरण हम सभी कर रहे हैं स्वामी विवेकानंद हमारे समाज के युवा प्रेरणा स्रोत हैं। जिनका दिव्य स्वरूप आज भी हमें सत्य और स्वाभिमान के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है स्वामी विवेकानंद जी की ख्याति भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी सिरमौर है ऐसे वह अद्वितीय प्रतिभा के धनी जिनका नाम आज भी पूर्ण सम्मान के साथ लेते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष देवेन्द्र पाल सिंह जिला प्रमुख विद्या भारती जन शिक्षा परिषद ने कहा के स्वामी विवेकानंद युगपुरुष के रूप में जाने जाते हैं जिन्होंने युवाओं को प्रेरणा दी



और कहा की उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए ऐसे स्वाभिमानी पुरुष को आज भी हम नमन करते हैं जिन्होंने विदेशी सभा में एकत्रित लोगों को भाइयों और बहनों के नाम से संबोधित किया तो वहां तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी.एड.,बीए ,बीएससी बीकॉम एम.ए., एम एस सी के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें से निर्णायक समिति द्वारा प्रथम वर्ग में प्रथम दुर्गेश ,द्वितीय श्वेता तृतीय अशुतोष तथा द्वितीय वर्ग पूर्णिमा प्रथम, युक्ता द्वितीय, शुभी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले में विद्या भारती जन शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के समस्त प्रधानाचार्य , डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय हरदोई ,श्री बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मंदिर अल्लीपुर हरदोई के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे जिले भर से आए हुए सभी प्रधानाचार्यो को धन्यवाद ज्ञापन सह जिला प्रमुख रामशंकर शुक्ला द्वारा किया गया।मंच संचालन मोनी सिंह द्वारा किया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण जिला गंगा समिति एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन विभागों की वर्ष 2022–23 के वृक्षारोपण की जियो टैगिंग की प्रगति अवशेष है तो उसे जल्द से जल्द पूर्ण करा दे। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वर्ष 2023–24 में वृक्षारोपण हेतु भूमि का चयन करना सुनिश्चित करे और भूमि चयन करते समय यह देख ले कि वृक्षों की सुरक्षा एवं सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पर्यावरण समिति की समीक्षा बैठक के दौरान जानकारी प्राप्त की कि ई–वेस्ट मैनेजमेंट के लिए जनपद में क्या कार्यवाही की जा रही है और निर्देश दिया कि के ई–वेस्ट का समुचित निस्तारण किए जाएं। उन्होंने कहा कि इसके संबंध में जनपद स्तर पर कार्यशाला आयोजित किया जाए, जिसके लिए जनपद के कबाड़ व्यापारियों एवं कंप्यूटर, मोबाइल, टीवी के मैकेनिकों को बुलाकर ई–वेस्ट के निस्तारण के संबंध में जागरूक किया जाए। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण की बैठक प्रतिमाह कराए जाने के



निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित किया की प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से ई–वेस्ट मैनेजमेंट के निस्तारण का आम जनमानस में व्यापक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें। जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी नाले का पानी नदी में न गिरने दिया जाए। नदियों के किनारे बाँस का वृक्षारोपण कराया जाए और पीली नदी के सरंक्षण एवं घाट बनाये जाने के लिए कार्य योजना बनाई जाए। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, डीएफओ प्रवीण खरे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर द्वारा "तहसील सभागार जौनपुर" में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान वर्ष 2022–23 के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में "राष्ट्रीय युवा दिवस" के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के तत्वावधान में 12 जनवरी 2023 को "तहसील सभागार जौनपुर" में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार सदर पवन कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि देश में हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है यह दिन स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद जो आज भी देश के लाखों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली नेतृत्वकर्ताओं में से एक थे। हर साल हमारे प्रतिभाशाली युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने के साथ–साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति का विश्व बंधुत्व का संदेश प्रदान करने के लिए किया जाता है। यह दिन युवाओं के लिए मनाया जाता है, और उन्हें विवेकानंद के विचारों और दर्शन को अपनाने लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जानकारी प्रदान करायी गयी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर अधिवक्तागण एवं पी0एल0वी0गण व अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## राहुल गांधी की यात्रा में महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा कश्यप हुई शामिल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रमा कश्यप के शामिल होने पर संगठन व महिला कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष व गोण्डा सदर विधानसभा



चुनाव की पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रमा कश्यप ने बताया की भारत जोड़ो यात्रा के गाजियाबाद में प्रवेश करने पर लोनी बार्डर से बागपत शामली तक राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर वह कांग्रेस के प्रदेशीय नेताओं के साथ जनपद की दर्जनों सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं की टीम का नेतृत्व करते हुए यात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ अग्रिम पंक्ति में चलते हुए उनसे पार्टी संगठन को मजबूत बनाने से लेकर कार्यकर्ताओं के गांव गरीब व वंचित समाज से जुड़कर संघर्ष करने के विषय पर व्यापक चर्चा हुई। महिला अध्यक्ष ने बताया की इस यात्रा में राहुल गांधी के स्वागत में जहां जनसैलाब उमडा वहीं पार्टी संगठन में सक्रियता और कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है।

## आज लगेगी समग्र शिक्षा अभियान की मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जे डी लखनऊ कार्यालय के मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रथम बार लगने वाली मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी आज दिनाँक 13 जनवरी 2023 को ब्राइटलैंड स्कूल निकट छठा मील सीतापुर रोड पर लगेगी। इस मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में लखनऊ मण्डल के 6 जनपदों सीतापुर,लखीमपुर खीरी,उन्नाव, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, के जनपद स्तर की प्रदर्शनी के विजेता प्रथम,द्वितीय व त्रितीय स्थान प्राप्त जूनियर व सीनियर संवर्ग के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। डॉ0दिनेश कुमार ने बताया इस प्रदर्शनी से दो जूनियर व दो सीनियर संवर्ग के विजेता चुने जाएंगे जिनको संयुक्त शिक्षा निदेशक षष्ठ मण्डल लखनऊ सुरेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र द्वारा पुरष्कृत किया जाएगा,और उनको राज्य स्तर की प्रदर्शनी हेतु भेजा जाएगा, साथ ही छात्र छात्राओं को प्रतिभाग हेतु लाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, तथा प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। पहला अवसर है जब समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत मण्डल स्तर की प्रदर्शनी लग रही है,गतवर्षों में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सिर्फ जनपद स्तर तक की ही प्रदर्शनी लगती थी। प्रदर्शनी में लखनऊ मण्डल के उप शिक्षा निदेशक डॉ ओम प्रकाश मिश्र,जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय लखनऊ दिनेश कुमार सिंह राठौर उपस्थित रहेंगे। प्रदर्शनी में लगने वाले समस्त मॉडल्स के मूल्यांकन हेतु उच्च कोटि के वैज्ञानिकों (क्रमशः डॉ0ऋचा पाण्डेय, डॉ0एच0के0द्विवेदी, पवन कुमार ) को निर्णायक के रूप में नियुक्त किया गया है जो छात्र छात्राओं को उनके द्वारा बनाये गए मॉडल्स का उनके आगामी जीवन में क्या उपयोगिता है। विज्ञान में अपना कैरियर किस तरह बनाया जा सकता है, प्रत्येक छात्र– छात्रा को बताएंगे। प्रदर्शनी का अवलोकन कोई भी विद्यालय, शिक्षक छात्र छात्राएं प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक कर सकते हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जो दूसरों को जानता है वह बुद्धिमान है, जो स्वयं को जानता है वह ज्ञानवान है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## स्वामी विवेकानंद जन्मदिन विशेष : एक सन्यासी और वैज्ञानिक की मुलाकात

यह बात सन् 1902 की है। अपने काशी प्रवास में स्वामी विवेकानंद ने बड़े गर्व से कहा कि'' मैंने इतना कुछ कर दिया है जो डेढ़ हजार साल तक बना रहेगा।'' चालीस साल से कम उम्र तक जीवित रहे स्वामी विवेकानंद के गुरु परमहंस रामकृष्ण जी को भी इस बात का पक्का भरोसा था कि नरेंद्र दुनिया को हिला कर रख देगा। बता दें कि स्वामीजी के घर का नाम नरेंद्र दत्त था।

सन्यास ग्रहण के बाद वे दुनिया में विवेकानंद नाम से मशहूर हुए। स्वामी विवेकानंद के जीवनयात्रा में शिकागो के विश्व धर्म संसद में दिए उनके भाषण की चर्चा अक्सर होती है। पर इस यात्रा के दौरान और उनके अमेरीका प्रवास में जिन महाविभूतियों से उनकी भेंट, मुलाकात और चर्चा हुई, उसकी चर्चा कम ही होती है।

शिकागो यात्रा

बात तो दरअसल वहां से शरू होनी चाहिए, जिस जहाज से स्वामी जी शिकागो की यात्रा पर थे। उस यात्रा में भारत के बड़े उघोगपति जमशेद जी टाटा के साथ स्वामी जी के बीस दिन बीते। जमशेद जी टाटा से बातचीत के सिलसिले में स्वामी विवेकानंद ने जमशेद जी टाटा से कहा कि मैटेरियल से तो बहुत पैसा कमा लोगे। भारत में उत्पादन की टेक्नोलॉजी आनी चाहिए, ताकि भारत को दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़े।

उस वक्त स्वामी विवेकानंद की उम्र 30 साल और जमशेद जी टाटा 51 साल के थे। पर भारत में एक सन्यासी के रूप में 12 साल की यात्रा कर चुकने के बाद भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाने की टीस उस वक्त कितनी गहरी रही होगी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इस यात्रा के दौरान हुई बातचीत और राय–मशविरा का ही नतीजा है कि झारखंड के जमशेदपुर में टाटा स्टील प्लांट की नींव पड़ी। इस यात्रा के दौरान ही भारत में एक 'रिसर्च इंस्टीट्यूट' खोलने की भी चर्चा हुई।

टाटा ने संस्थान का पूरा खाका किया तैयार

शुरूआती दौर में ब्रिटिश हुकूमत ने अनेक बाधाएं पैदा की। पर स्वामी विवेकानंद की योग्य शिष्या सिस्टर निवेदिता के प्रयासों से सन् 1909 में अंततः बेंगलुरु में 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस' अस्तित्व में आया। इस संस्थान के लिए 372 एकड़ जमीन मैसूर के राजा कृष्णा वाडियार ने उपलब्ध कराई। सिस्टर निवेदिता और जमशेद जी टाटा ने इस संस्थान का पूरा खाका तैयार किया। पर दुर्योग ऐसा कि संस्थान बनने के पहले ही सन् 1902 में स्वामी विवेकानंद और सन् 1904 में जमशेद जी टाटा इस दुनिया से विदा हो गए। सन् 1896 में अमेरीका में एक नाटक मशहूर हुआ। फ्रेंच भाषा में लिखित इस नाटक का नाम था ''इजिएल'' यह नाटक महात्मा बुद्ध के जीवन पर आधारित था। स्वामी विवेकानंद भी इस नाटक को देखने पहुंचे। यहीं पर स्वामी जी की मुलाकात बीसवीं सदी के महान वैज्ञानिक निकोला टेस्ला से हुई। टेस्ला के वैज्ञानिक चिन्तन पर स्पष्ट रूप से वेदांत का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। सन् 1907 में लिखे अपने लेख ''मेन्स ग्रेटेस्ट अचीवमेंट'' में वैज्ञानिक टेस्ला इस बात का उल्लेख करते है कि ''सभी पदार्थ मूल रूप से एक ही तत्व से निकले हैं। इस तत्व की कोई शुरुआत नहीं है। सम्पूर्ण आकाश में यही फैला है और यह तत्व जीवन देने वाला प्राण या रचनात्मक ऊर्जा से प्रभावित होता है।'' स्वामी विवेकानंद रचनावली के भाग–5 में भी स्वामी विवेकानंद और वैज्ञानिक निकोला टेस्ला के मुलाकात की चर्चा है। स्वामी विवेकानंद इग्लैंड में अपने मित्र को लिखे एक पत्र में भी इस बात की चर्चा करते है कि अगले सप्ताह मैं मिलकर उनके गणितीय प्रयोग को देखना चाहता हूं। बाद में भारत लौटने पर स्वामी विवेकानंद इस बात का जिक्र करते है कि वर्तमान में सबसे योग्य वैज्ञानिक ने भी वेदांत को विज्ञान सम्मत होना स्वीकार किया है। आज विज्ञान जिन निष्कर्षों पर पहुंच रहा है। यह बात पूरी तरह से मेल खाती है। वैज्ञानिक टेस्ला यह दावा करते हैं कि ''बल और पदार्थ का ऊर्जा में स्थानांतरण सम्भव है। इसे गणितीय विधि से साबित भी किया जा सकता है।'' अपने जीते जी निकोला टेस्ला इस बात को साबित नहीं कर पाए। पर उनके बाद वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने इस फार्मूले को सिद्ध किया। आइंस्टीन की खोज E¾mc2 से ही दुनिया को महासंहारक परमाणु अस्त्र और आणविक उर्जा की अपेक्षाकृत कम पर्यावरण प्रदूषित ऊर्जा की प्राप्ति सम्भव हुई। टेस्ला और बिजली बल्ब के आविष्कारक वैज्ञानिक एडिसन को लेकर भी यह बहस चलती ही है कि दुनिया के महान वैज्ञानिक कौन है वह जिसने दुनिया को बिजली के बल्ब से रोशन किया अथवा वह जिसने डी सी बिजली को ए सी (अल्टरनेट करेंट) में बदल कर बिजली को दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचना संभव किया?

जब स्वामी विवेकानंद अमेरिका पहुंचे थे

स्वामी विवेकानंद के अमेरीका पहुंचने से पहले टेस्ला ए सी की खोज कर चुके थे। निकोला टेस्ला के लिए ''ब्रह्मांड बस एक महान फिल्म है, जो कभी अस्तित्व में आया और कभी खत्म नहीं होगा।'' उनका भविष्य के वैज्ञानिकों के लिए सुझाव है कि यदि ब्रह्मांड के रहस्यों को खोजना चाहते हो, तो ऊर्जा, आवृत्ति और कंपन के संदर्भ में खोजो। जिस दिन विज्ञान गैर भौतिक घटनाओं का अध्ययन करना शुरू कर देगा, वह अपने अस्तित्व की सभी शताब्दियों की तुलना में एक ही दशक में सबसे अधिक प्रगति करेगा। वैदिक ऋषि दीर्घतस् अपने योग बल से यह देख पाए कि सूर्य के चारों ओर ऊर्जा का अक्षय भंडार है। आज पर्यावरण के लिहाज से सबसे सुरक्षित और सस्ती ऊर्जा का स्रोत 'सौर ऊर्जा' को ही माना जा रहा है। दुनिया में आज एक सूर्य, एक विश्व और एक ग्रिड की बात पुरजोर तरीके से उठ रही है। इस अर्थ में वैज्ञानिक टेस्ला की यह खोज भी महत्वपूर्ण होती जब वे बिजली के ऐसे टावर के निर्माण करने जा रहे थे। जहां बिना तारों के बिजली की अबाध आवाजाही सम्भव होती। तब बिजली के बिना तारों की दुनिया आज की दुनिया से कितना अलग होती! इतिहास के जिस मोड़ पर एक धर्म प्रचारक सन्यासी और सदी के महान वैज्ञानिक के बीच समान विचारों का आदान–प्रदान हो रहा हो वह क्षण सचमुच कितना महत्वपूर्ण होगा! पर सच यह है कि कोई युग महज इस नाते महत्वपूर्ण नहीं होता कि इस युग में कितनी लड़ाइयां हुई। किस राजा–महाराजा को क्या कुछ हासिल हुआ, बल्कि इस नाते ज्यादा महत्वपूर्ण होता है कि उस युग विशेष ने किन महापुरुषों को पैदा किया? जिन महापुरुषों ने युग की धारा ही नहीं बदली, बल्कि जिनके सद्प्रयासों से युग परिवर्तन की धारा आने वाली कई शताब्दियों तक प्रवाहित होती रही।

1893 का स्वर्णिम काल

इस लिहाज से देखा जाए तो सन् 1893 का साल भारतीय इतिहास का ऐसा ही स्वर्णिम काल रहा है। सन् 1893 में ही महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर जाते हैं। स्वामी विवेकानंद का अमेरीका के शहर शिकागो के विश्व धर्म संसद में महत्वपूर्ण भाषण होता है। सन् 1893 में महर्षि अरविंद कैम्ब्रिज की शिक्षा पूरी कर भारत लौटते हैं। सन् 1893 में ही यूरोपीय सभ्यता के खोखलेपन, हृदयहीन शोषण और अमानवीय अन्याय–अत्याचार से पीड़ित–क्षुब्ध आयरिस महिला एनी बेसेन्ट भारत आती है। ये सभी महाप्रभु–भगिनी भारत की आध्यत्मिक चेतना से ओतप्रोत होकर दुनिया को नया संदेश और नई दिशा देने की ओर उन्मुख दिखाई देते हैं। एक ऐसी धारा जो दुनिया को आधात्मिक चेतना से आप्लावित कर दें। जो आने वाली कई शताब्दियों तक दुनिया का मार्गदर्शन करती रहे। स्वामी विवेकानंद के शब्दों में ही कहें तो ''हमें मनुष्य का निर्माण करने वाला धर्म चाहिए।'' हम सर्वत्र ऐसी शिक्षा चाहते हैं जो मनुष्य को ऊपर उठाए। हम ऐसे सिद्धान्त चाहते हैं जो मनुष्य के उन्नति का मार्ग बताएं। ऐसे विश्वासी–उत्साही सौ नवजवानों के बूते ही स्वामी विवेकानंद दुनिया को बदलने का संकल्प लेकर पैदा हुए। कम उम्र ही उनकी कृति की पताका दुनिया में फहराने लगी। आज दुनिया जिस भयावह दौर से गुजर रही है, उससे निजात पाने के लिए स्वामी विवेकानंद नए अवतार की आवश्यकता महसूस हो रही है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## गांव गांव में जीर्ण शीर्ण एवं मृतप्राय पड़ी समितियों को जीवित किया जाए –प्रकाश पाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आगामी सहकारिता चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की हुई बैठक। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल और जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र की उपस्थिति में चुनावों को लेकर रणनीति तय हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ओम वर्मा ने किया। जिला सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक में आगामी सहकारिता चुनाव की तैयारियों की कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। बताया गया कि 19 फरवरी को प्रदेश भर में सहकारिता के चुनाव होंगे। चुनाव को देखते हुए प्रदेश संघठन ने लखनऊ में बैठक लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी राय की है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को इस जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से निभाना है। सहकारिता के भाव से जन जन तक विकास पहुंच सके, इसके लिए पार्टी प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता में अभूत पूर्व बदलाव लाने के लिए केंद्र में अलग से सहकारिता विभाग बनाया। जिस लक्ष्य के साथ यह विभाग बना उस लक्ष्य को पूरा करने के लिए अमित शाह पूरे तन मन से लगे हुए है। हरदोई में सहकारिता का अद्भुत इतिहास रहा है। ठाकुर महेश सिंह सहकारिता की सेवा के माध्यम से ही विधान सभा की सीढ़ी चढ़ थे। जिसके बाद हरदोई के बड़े बड़े नेता सहकारिता के माध्यम से आगे बढ़े। हरदोई में 234 सोसायटी थी, आज दुर्भाग्य है यह गिनती सिमटती हुई मात्र 100 के लगभग रह गई हैं। भारत सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव के लिए बहुत बड़ा कदम उठाया है। जनपद को 89 करोड़ रुपए की सहायता बैंकों के माध्यम से देकर कोपरेटिव को सशक्त बनाने हेतु भेजा गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा देश के गांव गांव तक में जीर्ण शीर्ण और मृत प्राय सोसायटियों के डेटा निकालकर उन्हें दोबारा से कैसे खड़ा किया जाए, इसके लिए भारत सरकार ने कार्य करना शुरू कर दिया है। 5 मार्केटिंग सोसायटी, 28 सहकारी संघ हरदोई जिले में है। इनको हमे फिर से अपने पैरों पर खड़ा करना है। सहकारिता चुनाव के माध्यम से पार्टी और संघठन का प्रयास है कि कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में समायोजित किया जाए। ये गुण पार्टी के कार्यकर्ताओं में ही है जो बिना




किसी लोभ और लाभ के गरीब, वंचित और पिछड़े क्षेत्रों का विकास कर सकते है।सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए आज से सदस्यता अभियान शुरू हो रहा है, जो 29 तारीख तक चलेगा। जनसेवा का प्रण करते हुए सभी को इससे जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रभारी बोले पार्टी ग्रामीण भारत की सेवा का सबसे बड़ा मंच है सहकारिता और पंचायत। कार्यकर्ता प्राथमिक सदस्य बनकर ही जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के सहकारिता चुनाव में प्रतिभाग कर इस क्रांति में अपना योगदान दे सकते है। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने सहकारिता मंत्री बनकर क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया। लेकिन समाजवादी पार्टी ने जब से इस क्षेत्र में सेवा की जगह मेवा खाने का कार्य शुरू कर दिया। वही से पार्टी और उनके कार्यकर्ताओं का पतन शुरू हो गया। ग्रामीण स्तर की सोसायटी अराजक तत्वों से भर गई। सहकारिता के प्राथमिक सदस्यता के लिए 121 रुपए का शुल्क देकर आप इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। यह पहली सीढ़ी है। आज पार्टी के कार्यकर्ताओं के कंधों पर सहकारिता के आंदोलन को सशक्त बनाने का बड़ी जिम्मेदारी है।सहकारिता क्षेत्र बहुत बड़ा क्षेत्र है, जिसमे क्रय विक्रय, डीसीडीएफ, गन्ना समितियां, दुग्ध समितियों जैसी छोटी समितियों से लेकर पीसीएफ, कृभको, सहकारी चीनी मिल, कॉपरेटिव बैंक आदि जैसे उपक्रम है जो देश के ग्रामीण विकास में अहम योगदान दे रहे है। जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने सभी कार्यकर्ताओं को सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने में सभी कार्यकर्ताओं को अपना योगदान देना का आवाहन किया। राजनीति में सेवा ही धर्म है और सहकारिता क्षेत्र में सेवा करने का यह अभूतपूर्व अवसर हम सभी कार्यकर्ताओं को मिल रहा है। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याराम वर्मा, राम बहादुर सिंह, रामकिशोर गुप्ता, जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन, अनुराग मिश्र, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री कर्मवीर सिंह चौहान संदीप सिंह एसपी मौर्य प्रीतेश दीक्षित जिला मंत्री अविनाश पांडे अजय शुक्ला कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक कार्यालय मंत्री अतुल सिंह सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह महिला मोर्चा अलका गुप्ता कार्यालय प्रभारी सत्यम शुक्ला पिछड़ा मोर्चा अनिल राजपूत अनुसूचित मोर्चा के महिपाल गौतम किसान मोर्चा विश्वराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कायस्थ महासभा संगत पंगत कायस्थ कल्याण समिति कायस्थ एकता मंच चित्रगुप्त सभा संगठन के पदाधिकारियों ने कायस्था महासभा के प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार के आवास भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धये लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी व भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।जिसमें कायस्थ महासभा 5680 के प्रदेश महामंत्री जिलाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी वाराणसी में काशी विद्या पीठ में शामिल हो गए। वहां,वह देश के महानतम बुद्धिजीवियों और राष्ट्रवादियों के प्रभाव में आये। काशी विद्या पीठ ने लाल बहादुर शास्त्री को 1926 में 'शास्त्री' की उपाधि दी। काशी विद्या पीठ से उन्होंने स्नातक की पढ़ाई की थी। कायस्थ कल्याण समिति के प्रदीप श्रीवास्तव डी ओ ने कहा कि शास्त्री जी ने रेल मंत्री के रूप में अपने पद से इस्तीफा दे दिया क्योंकि उस दौरान एक रेलवे दुर्घटना हुई, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू ने घटना पर संसद में बोलते हुए, लाल बहादुर शास्त्री की अखंडता और उच्च आदर्शों का बखान किया। उन्होंने कहा कि वह इस्तीफा स्वीकार कर रहे हैं क्योंकि यह संवैधानिक औचित्य में एक उदाहरण स्थापित करेगा। रेलवे दुर्घटना पर लंबी बहस का जवाब देते हुए, लाल बहादुर शास्त्री ने कहा कि शायद मेरा आकार छोटा होने और जीभ के नरम होने के कारण, लोग यह मान लिया है कि मैं बहुत दृढ़ नहीं हो पा रहा हूं। हालांकि मैं शारीरिक रूप से मजबूत नहीं हूं, लेकिन मैं आंतरिक रूप से इतना कमजोर नहीं हूं।कायस्थ महासभा 2150 के राष्ट्रीय महामंत्री राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि शास्त्री जी नेलाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी के छोटे शहर मुगलसराय में हुआ था। उनके पिता स्कूल शिक्षक थे, उनकी मृत्यु



तब हुई, जब लाल बहादुर शास्त्री केवल डेढ़ साल के थे। उसकी मां रामदुलारी देवी, पति के निधन के बाद अपनी तीनों बच्चों को अपने पिता के घर ले गई। लाल बहादुर गरीबी में पले, लेकिन उनका बचपन काफी खुशहाल था। शास्त्री जी को वाराणसी में उनके चाचा के साथ रहने के लिए भेजा गया था, ताकि वह हाई स्कूल में जा सके। उनके चाचा उन्हें नन्हे कहकर बुलाया करते थे। वरिष्ठ नेता प्रदीप अस्थाना ने कहा कि शास्त्री जी ने 2 अक्टूबर को देश के महान नेता व स्वतंत्रता सेनानी लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाती है। दुग्ध और हरित क्रांति के जनक लाल बहादुर शास्त्री ने भारत की आजादी के लिए महात्मा गांधी के साथ कई राष्ट्रीय आन्दोलनों में भाग लिया। लाल बहादुर शास्त्री ने दूध के उत्पादन और आपूर्ति को बढ़ाने के लिए श्वेत क्रांति जैसा राष्ट्रीय अभियान चलाया। उसके बाद शास्त्री जी ने किसानों के लिए हरित क्रांति का आव्हान किया। लाल बहादुर शास्त्री की मौत कैसे हुई? येआज भी रहस्य बनी हुई है। उक्त अवशर पर कायस्थ महासभा 2150 के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडवोकेट, 2150 के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, कायस्थ एकता मंच के जिलाध्यक्ष दयाशंकर निगम कायस्थ कल्याण समिति के अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव कायस्थ महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम रतन श्रीवास्तव मामा, कायस्थ महासभा 5680 के जिला महासचिव संजय अस्थाना पत्रकार वरिष्ठ नेता संतोष निगम संगत पंगत के सुलभ श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव पत्रकार अनीश श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव अंकित श्रीवास्तव पत्रकार अमित श्रीवास्तव अजय वर्मा अनुपम श्रीवास्तव आदि लोगो ने शास्त्री जी को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपना अपना विचार दिया। आभार प्रदेश प्रवक्ता कायस्थ महासभा विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक ने किया।

## ममता चैरिटेबल ट्रस्ट टीम द्वारा दिव्यांगो को बांटे गये कंबल

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस बर्ष भी शीत लहर प्रारम्भ होते ही नर सेवा नारायण सेवा के युक्ति को चरितार्थ करती प्रदेश की अग्रणी संस्था ममता चौरिटेबल ट्रस्ट गरीबों, वंचितों, शोषितों,बुजुर्गों, मजदूरों, लाचार एवं दिव्यांग व्यक्तियों को रात दिन घूम घूम कर कंबल ओढांने,शिविर लगा–लगा कर हजारों हजारों को कंबल वितरित करने का कार्य महा अभियान चलाकर कर रहीं है!इसी क्रम में आज आलमबाग,आशियाना,पावर हाऊस चौराहा,शनि देव मंदिर चौराहा,बाराविरवा चौराहा,अवध चौराहा पर रात के घने कोहरे के बीच खोज खोज कर जरूरतमंद को कंबल ओढ़ाकर उनके लिए आग सेंकने की व्यवस्था किया!इसके अतरिक्त संजय नगर के पार्क में विशाल शिविर लगाकर कंबल वितरण किया गया!इस अवसर पर चीफ ट्रस्टी राजीव मिश्रा ने कहा कि इस कड़कड़ाती ठण्ड में हमारे कार्यकर्तावो का जज्बा,मेहनत,लगन से महा अभियान अपने चरम पर है!इस अवसर पर विनीता ,सुनीता



प्रतिभा का विशेष योगदान रहा॰ संरक्षक ट्रस्टी डॉ राजेश शुक्ला ने बताया कि रात्री मुहिम में एडवोकेट गौरव पांडेय,शशिकांत शुक्ला,उमाशंकर,सचिन,अतुल, डॉ दुर्गेशधर दुबे,विजय सिंह बंटी,निशित श्रीवास्तव, सुमित सहित अनेक सहयोगियों ने ठिठुरती सर्द रात मे कंबल ओढ़ाकर आमजनों को जागरूक भी किया।

## अधिवक्ताओं और पत्रकारों के विरुद्ध लगातार हो रही पुलिस की बर्बरता के खिलाफ अधिवक्ताओं ने भरी हुंकार

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ। लखनऊ बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश पांडे मोहनलालगंज में अधिवक्ता के खिलाफ हुई बर्बरता पर आज लखनऊ बार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं को एकजुट करते हुए पुलिस कमिश्नरेट के खिलाफ हुंकार भरी साथ में उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरीके से पुलिस पत्रकारों और अधिवक्ताओं के साथ तानाशाही रवैया अख्तियार कर रही है यह कहीं ना कहीं इस प्रदेश में तानाशाही को बढ़ावा देने का काम कर रहा है। जिसके कारण पूरे प्रदेश में जनता से लेकर अधिवक्ताओं और पत्रकारों में भय व्याप्त हो चुका है। यह रवैया निरंतर कायम रहा तो वह दिन दूर नहीं है जब जनता स्वयं न्याय करना शुरू कर देगी और सरकार को बाद में पछताना पड़ेगा अधिवक्ताओं ने कहा पुलिस कमिश्नर को इस तरीके की शक्तियां प्रदान करने का सीधा मतलब है तानाशाह को बढ़ावा देना ।अगर पुलिस कमिश्नरेट के पास इस तरीके की शक्तियां होंगी तो वह लगातार प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में अपनी ताकत को दिखाने का काम करेगें और जनता



पर जुल्म भी करने का काम करते रहेंगे। आज लखनऊ के पुराने हाई कोर्ट के सामने प्रशासन का पुतला फूंकने की भी अधिवक्ताओं ने योजना बना रखी थी।लेकिन सरकार कहीं ना कहीं झुकते हुए इनकी मांगों को मान चुकी है जिस कारण प्रशासन के पुतले फूंकने का जो प्रोग्राम रखा गया था उसे स्थगित कर दिया गया लेकिन अधिवक्ताओं ने यह कहा हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक दोषी पुलिसकर्मियों को दंडित नहीं किया जाएगा।

## सरकारी कर्मचारियों को झटका : जीपीएफ में पांच लाख रुपये सालाना से ज्यादा नहीं करा सकेंगे जमा

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार के कार्मिक अपने सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) एकाउंट में साल में 5 लाख रुपये से ज्यादा जमा नहीं कर सकेंगे। इसके लिए सरकार सामान्य भविष्य निधि नियमावली में संशोधन करने जा रही है। शासन ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसे शीघ्र कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। वहां से ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। प्रदेश में 1 अप्रैल, 2005 से पहले नियुक्त सरकारी कार्मिकों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लागू है। इनके लिए ही जीपीएफ की सुविधा है। कार्मिक के मूल वेतन का न्यूनतम 10 प्रतिशत हर माह उसके जीपीएफ एकाउंट में जमा करना अनिवार्य है। जबकि, अधिकतम की कोई सीमा नहीं लगाई गई है। वर्तमान में राज्य में करीब 7 लाख सरकारी कार्मिक जीपीएफ स्कीम के दायरे में हैं। पहले जीपीएफ में जमा राशि आयकर विभाग के टैक्स के दायरे में नहीं आती थी लेकिन 1 अप्रैल, 2022 से लागू नए नियमों के तहत एक वित्त वर्ष में जीपीएफ में 5 लाख से अधिक जमा राशि कर के दायरे में होगी। यानी, 5 लाख से अधिक राशि को उसी तरह से कर योग्य माना जाएगा, जिस तरह से दूसरे स्रोतों से हुई आय को माना जाता है। अधिक ब्याज और कर मुक्त का लाभ शासन के सूत्रों के मुताबिक,



आयकर संबंधी नियमों में बदलाव के कारण यूपी में भी सामान्य भविष्य निधि नियमावली में संशोधन की आवश्यकता है। अब तक तमाम कर्मचारी निर्धारित न्यूनतम सीमा 10 प्रतिशत से कहीं ज्यादा राशि जीपीएफ खाते में जमा करते थे। इसके पीछे की मुख्य वजह जीपीएफ खाते में जमा राशि और उस पर अर्जित ब्याज का पूरी तरह से कर मुक्त होना था। इसके अलावा वर्तमान में तो एफडी के मुकाबले इस स्कीम में ज्यादा ब्याज है। जीपीएफ पर 7.1 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलता है, जबकि एसबीआई में एफडी पर ब्याज की दरें इससे नीचे हैं। केंद्र में पहले से लागू है नियम केंद्र सरकार ने पहले ही जीपीएफ में पैसा जमा कराने की अधिकतम सीमा तय कर दी है। इसके तहत कोई भी केंद्रीय कर्मचारी 5 लाख रुपये से ज्यादा की राशि एक साल में जीपीएफ खाते में जमा नहीं कर सकता है।

## संदीप गुप्ता हत्याकांड के चश्मदीद को मिली धमकी

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगंज के चर्चित सीमेंट सप्लायर व लॉजिस्टिक कारोबारी संदीप गुप्ता हत्याकांड में गवाहों को धमकियां मिल रही हैं। हत्याकांड के चश्मदीद गवाह गाजियाबाद के अनुज गुप्ता को मंगलवार सुबह धमकी मिली। अनुज ने गाजियाबाद पुलिस को लिखित शिकायत दी है। बुधवार को गवाही पर आए अनुज ने अदालत के समक्ष भी यह बात रखी। हालांकि न्यायालय में शोकावकाश के चलते गवाही नहीं हो सकी। अब न्यायालय ने मामले में 16 जनवरी तारीख नियत की है। पश्चिमी यूपी के लॉजिस्टिक कारोबार व सीमेंट सप्लाई कारोबार में खासा रसूख रखने वाले संदीप गुप्ता की 27 दिसंबर 2021 की शाम हत्या गांधी आई तिराहे पर की गई थी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि संदीप की हत्या सारसौल निवासी उनके रिश्ते के दामाद अंकुश अग्रवाल व उसके ट्रांसपोर्टर पिता ने साजिश रचकर कराई है ।अंकुश ने 20 लाख रुपये की सुपारी जिले की टॉप–10 सूची में शामिल अपराधी प्रवीन बाजौता को दी। उसने अपने साथी हाथरस के जितेंद्र उर्फ कंजा व अपने तयेरे भाई प्रदीप संग मिलकर यह हत्या की। इस कांड में पुलिस स्तर से साजिश व रैकी में अंकुश सहित दस लोग जेल भेजे गए। इस मुकदमे का ट्रायल एडीजे–3 राजेश भारद्वाज की अदालत में चल रहा है। मुकदमे में बुधवार को गवाही की तारीख नियत थी। एडीजीसी जेपी राजपूत के अनुसार दूसरे गवाह के रूप में घटना के चश्मदीद घटना के समय संदीप के साथ गाड़ी में मौजूद उनके व्यापारिक परिचित अनुज गुप्ता तलब थे। वह गवाही के लिए आए। मगर शोकावकाश के चलते गवाही नहीं हो सकी। इस दौरान अनुज ने मंगलवार को खुद को धमकी मिलने की बात कही। एडीजीसी के अनुसार मामले में अब 16 तारीख नियत की गई है। अब वे लिखकर न्यायालय में देंगे तो कानूनी रूप से सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। बता दें कि पहले गवाह संदीप के भाई सुजीत हैं, जबकि अनुज दूसरे गवाह हैं। वह भी गाजियाबाद में सीमेंट का व्यापार करते हैं। टहलने गए थे पार्क में, तब मिली धमकी वादी पक्ष के अधिवक्ता ठा. ब्रजेश सिंह व असीम गुप्ता ने बताया कि उनके पक्ष के गवाह को मंगलवार सुबह धमकी मिली है। यह बात खुद गवाह ने बताई है। नीति खंड प्रथम इंदिरापुरम गाजियाबाद निवासी अनुज गुप्ता के अनुसार वे रोजाना की तरह मंगलवार सुबह टहलने गए थे। वे करीब 6:30 बजे अवंतीबाई पार्क में टहल रहे थे, तभी दो युवक उनके पास आए और उन्हें रोककर उनका नाम पूछा। जब उन्होंने अपना परिचय दिया तो वे बोले कि तुम संदीप गुप्ता हत्याकांड में गवाह हो। इस पर अनुज ने स्वीकारा तो धमकी भरे अंदाज में बोले कि गवाही दोगे तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे। इसलिए गवाही मत देना। इसके बाद वे अपने घर आए और बाद में इंदिरापुरम थाने जाकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने उन्हें जांच के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन : मुआवजे की मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के पूर्व से बसे नगर के मण्डी अहमद खां के निवासियों के तोड़े गये मकान/दुकान एवं मकान का उचित मुआवजा दिलाये जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने बुधवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से श्री जायसवाल ने कहा कि उक्त मोहल्ले में तोड़े गये मकान/दुकान के मुआवजे के लिये प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कहा गया लेकिन अभी तक पीड़ितों के मुआवजे की निर्धारित धनराशि उनको नहीं मिल पायी। पीड़ितों के अनुसार अधिकारियों ने यह भी कहा ध्था कि जांच कर मुआवजे की राशि तय कर दी जायेगी। लेकिन अभी तक उक्त विषय पर प्रशासन की तरफ से कोई भी इस तरह के सकारात्मक संदेश नहीं मिल पाये हैं कि मुआवजा दिया ही जायेगा। व्यापारी नेता श्री जायसवाल ने कहा कि प्रशासन के तानाशाही के बल पर जिस प्रकार बगैर मुआवजे की राशि तय किये लोगों के मकानोंध्दुकानों को ठण्ड के इस समय मौसम में तोड़ दिया गया है। यह मानवता के विपरीत है। इस




प्रकार की क्रूर मानसिकता वाले प्रशासनिक अधिकारियों को व्यापार मण्डल चेतावनी देता है कि अगर समय रहते मुआवजे की राशि तय कर पीड़ितों को उपलब्ध नहीं करायी गयी तो अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल सड़क पर उतरकर आन्दोलन करने को बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर अमरनाथ मोदनवाल, संजीव साहू, नितेश साहू, जीशान खान, धर्मेन्द्र सोनकर, सुनील चौरसिया, राजेश कुमार, ध्नेहाल अहमद, मेंहदी हैदर, गोविन्द गुप्ता, रियाजुद्दीन, राकेश गुप्ता, कन्हैया यादव, आलोक कुमार, महेश गुप्ता, राजेश जायसवाल, विशाल, राम प्रसाद अग्रहरि सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# दवा का कोर्स पूरा करें, तो पूरी तरह ठीक हो जाएगी टीबी —सीएमओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौरीशंकर मंदिर सिंगरामऊ स्थित ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की ओर से गोद लिए गए क्षयरोगियों को मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने पोषण पोटली प्रदान की। साथ ही सरकार की ओर से चलाईं जा रहीं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ठाकुरबाड़ी की ओर से क्षय रोगियों को पोषण और भावनात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए सराहना की । उन्होंने लाभार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि टीबी की दवा का कोर्स पूरा करना चाहिए। बीच में दवा नहीं छूटनी चाहिए । ऐसा करने से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान के जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) सलिल यादव ने क्षयरोगियों के सम्पर्क मे रहने वाले पांच वर्ष से छोटे बच्चों को टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) दिए जाने के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा कि हर 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस का आयोजन जनपद की प्रत्येक स्वास्थ्य इकाई पर किया जाता है। क्षय उन्मूलन अभियान को गति देने के लिए जनपद के 199 हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों को सक्रिय किया गया है। संस्था प्रमुख डॉ अंजू सिंह ने क्षयमुक्त समाज के लिए लोगों से आव्हान किया । उन्होंने वर्ष 2025 तक क्षय मुक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संस्था की ओर से हर संभव प्रयास करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई । साथ ही टीबी के लक्षण दिखने पर बलगम की जांच के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाने की अपील की । उन्होंने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों पर भी निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लिया जा सकता है। सृष्टि बरनवाल के साथ संस्था की सांस्कृतिक टीम ने गीत और संगीत के माध्यम से क्षयरोग के लक्षण और बचाव के बारे जागरूक किया गया । टीम में शंभूलाल, वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार आदि शामिल रहे।




कार्यक्रम में बदलापुर के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस) तरुण कुमार, लैब टेक्नीशियन निगम जी, डॉ मुन्ना पांडे, सौम्या सिंह, लालमणि मिश्र, सत्यजीत मौर्य, अंकिता मिश्रा, गरुण बरनवाल. प्रीती बरनवाल, नीतू, आदि मौजूद रहे। उपलब्धियां: डीपीसी सलिल यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री क्षयरोग मुक्त भारत अभियान और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में इस साल अब तक कुल 7,390 क्षय रोगियों का पंजीकरण हुआ है। इसमें 6,108 सरकारी अस्पतालों के हैं जबकि 1,282 निजी अस्पतालों के हैं। डायरेक्ट बेनीफिसियरी ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए 1.90 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। राज्य स्तर के निर्देश के तहत पब्लिक सेक्टर के अस्पतालों/डॉक्टरों से 6,000 तथा प्राइवेट के डॉक्टरों/अस्पतालों से 2500 क्षयरोगियों को खोजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एनटीईपी की टीमें निजी क्षेत्र के अस्पतालों/डॉक्टरों से नोटीफिकेशन बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। क्षयरोग में सबसे जरूरी बलगम की जांच कराना है। बलगम की जांच में क्षय रोग का पता चलने पर समझना चाहिए कि क्षयरोग है। उन्होंने कहा कि क्षय रोगियों के इलाज के दौरान सरकार 500 रुपए पोषण भत्ता के रूप में देती है।

# राज्य सूचना आयोग ने तहसीलदार मछलीशहर पर शिकायतकर्ता को समय पर सूचना न देने पर 25000 रुपए का लगाया अर्थदंड

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछ्लीशहर क्षेत्र के ग्राम बिलारा (भिदूना )थाना मीरगंज जौनपुर के मूल निवासी अजय कुमार यादव ने आरटीआई के तहत जमीन से संबंधित कुछ बिन्दुओं पर तहसीलदार मछली शहर से जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना की मांग किया था जिस पर तहसीलदार मछलीशहर द्वारा ससमय पर सूचनाकर्ता को सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया तो शिकायतकर्ता द्वारा राज्य सूचना आयोग में शिकायत किया तो लोक सूचना आयुक्त श्री अजय उप्रेती जी ने यह आदेश पारित किया कि विपक्षी जनसूचना अधिकारी श्री सुदर्शन राम तहसीलदार मछ्लीशहर शिकायतकर्ता को वांछित सूचना ससमय न उपलब्ध कराए जाने के क्रम मे आयोग के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें फिर भी जन सूचना अधिकारी द्वारा न तो शिकायतकर्ता को ससमय सूचना उपलब्ध कराई गई और नहीं आयोग द्वारा अवसर दिए जाने के बावजूद सुनवाई तिथि पर आयोग के समक्ष कोई विलंब का स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया स्पष्ट है कि विपक्षी आयोग के आदेशों व सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रति गंभीर नहीं है इस प्रकार की अपेक्षा एक लोक प्राधिकारी जो लोक कर्तव्यों के निर्वहन हेतु नियुक्तिध पदासीन है उससे यह अपेक्षा संभव नहीं है ऐसे में जन सूचना अधिकारी श्री सुदर्शन राम तहसीलदार मछ्लीशहर जौनपुर पर शिकायतकर्ता को उसके मूल आवेदन के क्रम में साशय सूचनाएं न उपलब्ध कराने, आयोग के समक्ष शिकायत के क्रम में स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने का दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20 (1)के तहत 250 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से रुपए 25000 का अर्थदंड अधिरोपित करते हुए वसूली का आदेश पारित किया वहीं दूसरी तरफ शिकायतकर्ता अजय कुमार यादव का कहना है कि दो वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद अब आयोग द्वारा मुझे न्याय प्रदान किया गया ऐसे फैसले की मैं सराहना करता हूं और आयोग के इस तरह के आदेशों से विलंब से सूचना प्रदान करने वाले जन सूचना अधिकारियों को भी नसीहत मिलेगी और समय से सूचनाएं लोगों को उपलब्ध हो पाएगी।

# बुधवार को रहेंगी साप्ताहिक बंदी : कड़ाई से हो पालन–एसडीएम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रम विभाग द्वारा निर्धारित साप्ताहिक बंदी चंदवक बाजार में प्रत्येक बुधवार को रहेंगी ।इसका पालन व्यापारियों द्वारा सुनिश्चित किया। जाय ।उलंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएंगी ।श्रम प्रवर्तन अधिकारी नेहा यादव के साथ संजय कुमार राय, आए एसडीएम माज अख्तर ने बाजार का भ्रमण करने के बाद व्यापारियों को निर्देशित करते हुए कहीं ।बताया कि श्रम कानून में साप्ताहिक बंदी का प्रावधान है जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। चंदवक बाजार के व्यापारियों ने एसडीएम से मांग की बंदी महीने में दो दिन ही रखी जाय जिसपर उन्होंने कहा कि इसके लिए जिले स्तर के अधिकारियों से संपर्क करें यह मेरे अधिकार क्षेत्र के बाहर है ।प्रत्येक बुधवार बंदी रहेंगी ।जो व्यापारी इसका पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की।

## ठंडी में पुलिस की गश्ती न होने से चोर हुए सक्रिय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिटी स्टेशन फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे दक्षिणा काली मंदिर के बगल में पान की गुमटी से कल रात चोरों ने इसमें रखा 1000 रुपया और लगभग 5000 रुपए का सिगरेट व गुटका पान मसाला दुकान का ताला तोड़कर चोरी कर ली। दुकानदार चंद्रेश चौरसिया



ने दस बजे दुकान बंद कर पास ही घर सोने चला गया आधी रात में चोर दुकान का ताला तोड़कर काफी सामान उठा ले गए। सुबह 6 जब दुकान पर आए तब पता चला। और आसपास के लोगों को खबर दी पास ही छोटा भाई मिठाई विक्रेता कमलेश चौरसिया ने बताया कि पुलिस की गश्ती न होने से इस तरीके से अक्सर फ्लाईओवर के नीचे चोर उचक्का व शराब नसेडियो का अड्डा बन गया है ।अक्सर इस तरह की चोरी होता रहता है मोहल्ले वासी इससे आक्रोशित है और प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। लोगों का कहना है कि जल्द से चोरी का पर्दाफाश हो।

## एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी : जच्चा– बच्चा स्वस्थ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के ताखा पूरब गांव में अपने परिवार के साथ रहकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा आम्बेडकर नगर जनपद निवासी एक प्रसूता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज ले जाते समय मंगलवार की देर रात प्रसव पीड़ा बढ़ने पर ईएमटी ने एंबुलेंस में ही महिला का प्रसव कराया। महिला ने बच्चे को जन्म दिया। जच्चा–बच्चा को सीएचसी ले जाकर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बेडकर नगर जनपद निवासी एक युवक अपने परिवार के साथ ताखा पूरब गांव में खुले आसमान में तालपतरी डालकर रहता था। पत्नी गर्भवती थी। मंगलवार की देर रात में छोटू की पत्नी रोली को प्रसव पीड़ा बढ़ने पर परिजन 102 नं. पर काल करके एम्बुलेंस बुलवाया। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन रोहित कुमार के साथ चालक राजमणी यादव एम्बुलेंस लेकर प्रसूता के घर पहुंचे। परिजन के साथ प्रसूता को एम्बुलेंस से लेकर सीएचसी शाहगंज ले जा रहे थे। रास्ते में महिला को दो बजकर बीस मिनट पर प्रसव पीड़ा बढ़ने से हालत बिगड़ने लगी। ऐसे में चालक ने एम्बुलेंस रोक दी। एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी रोहित कुमार ईआरसीपी डाक्टर शैलेन्द्र ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद महिला व नवजात को सीएचसी ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद महिला को परिजनों संग घर भेज दिया गया। सुरक्षित प्रसव पर परिजनों ने एम्बुलेंस कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शिव के सानिध्य में श्रीराम कथा श्रवण करने से मिलता है विशेष फल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भगवान राम और शिव जी एक दूसरे के पूरक हैं ।शिव का भक्त यदि प्रति दिन एक मास परायण रामायण कथा कहता है अथवा राम कथा सुनता है तो उसको विशेष फल मिलता है। बागेश्वर नाथ मंदिर परिसर मे रामकथा के आठवें दिन श्रीधाम अयोध्या से पधारे कथा वाचक शांता दास जी ने कथा श्रवण करने आए भक्तो से कही। आगे कथावाचक ने कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जिस प्रकार हम दवा के सेवन से पहले उसके लाभ से अवगत होते हैं और तीर्थों के महात्म्य से अवगत होकर प्रयागराज, हरिद्वार काशी आदि हिन्दू तीर्थ स्थल में जाते है ,उसी प्रकार रामकथा के महत्व की जानकारी होते ही साधक कथा श्रवण करने कथा स्थल पर पहुंचता है और श्रीराम कथा श्रवण कर राम के आदर्शो से प्रेरित होता है । शिव और राम जी एक दूसरे के पूरक हैं ।दोनो एक दुसरे की उपासना करते हैं ।शिव भक्त राम चरित मानस के कथा प्रतिदिन पढ़कर शिव को समर्पित करते हैं ।इसी प्रकार शिव के सानिध्य में आयोजित श्रीराम कथा का श्रवण करने से व्यक्ति को शिव और राम दोनो की कृपा प्राप्त होती है ।इसके अलावा कथावाचक ने रामचरित मानस के कई प्रसंगों की कथा लोगो को सुनाई।

## नहर का बंधा डालने से दस बीघा फसल डूबी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर क्षेत्र के कटघर गांव में नहर में बंधा बनाने से किसानों की लगभग दस बीघा गेहूं की फसल डूब गई। गांव निवासी केशवदेव दुबे की दो बीघा, पन्नालाल मोदनवाल की डेढ़ बीघा, जुल्फन कहार की पंद्रह बिस्वा, सीताराम विश्वकर्मा दस बिस्वा सहित आधा दर्जन किसानो की गेहूं की फसल डूब गई। हालांकि अवर अभियंता ने कहा है कि जांच करके बंधा बनाने वाले लोगों को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र के कटघर गांव में किसानों में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को लेकर आक्रोश है। उनके अनुसार उनकी लापरवाही के चलते कुछ लोग नहर में बंधा डालकर पानी रोक देते हैं। जिसके कारण पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में उतरने लगता है। इस सम्बंध में शारदा सहायक खंड 36 के अवर अभियंता सुखराम ने बताया कि इसकीं जांच कराई जा रही है। जिनके द्वारा भी बंधा बनाया गया है ।उनके खिलाफ नोटिस जारी करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## महिला कबड्डी प्रतियोगिता में पुल ए बी सी डी टीमों ने क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा जौनपुर : जौनपुर के तत्वावधान में इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम सिद्दीकपुर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेशीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गये मैच का विवरण इस प्रकार है– मेरठ व लखनऊ मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें मेरठ ने लखनऊ को 24–8 से पराजित किया।



झांसी ने प्रयागराज को 30–27 से पराजित किया। अयोध्या ने मुरादाबाद को 11–09 से पराजित किया। आजमगढ़ ने चित्रकूट धाम मण्डल को 26–05 से, मिर्जापुर ने आगरा को 14–05 से, वाराणसी ने देवीपाटन 15–04 से, सहारनपुर ने चित्रकूट धाम मण्डल को 26–10 से, मेरठ ने बरेली को 25–10 से, आगरा ने प्रयागराज को 24–19 से पराजित किया। पूल–ए से वाराणसी और देवीपाटन मण्डल पूल–बी से आजमगढ़ और सहारनपुर, पूल सी–लखनऊ और मेरठ तथा पूल–डी मिर्जापुर व आगरा की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## खाद्य उद्योग मेले में लोगों ने सीखा स्वरोजगार के गुर

जौनपुर सू.वि. : आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत समाज के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण से सम्बंधित उद्यमो को स्थापित करने एवं पहले से संचालित उद्यमो के उन्नयन के लिए जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव के मौजूदगी में कृषि भवन परिसर स्थित लोहिया पर्यावरणीय पार्क में खाद्य उद्योग मेला का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के दूर दराज क्षेत्र से किसान, प्रतिष्ठित उद्यमी, युवा सम्मिलित हुए। सचिव पीएमएफएमई श्रीमती ममता सिंह यादव द्वारा लोगो को संबोधित करते हुए बताया गया कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जौनपुर को दुग्ध उद्योग के तहत चुना गया है, दुग्ध उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को वरीयता भी दी जाएगी, इस योजना का लाभ लेकर किसान भी अपने फसल का प्रसंस्करण करके नये नये उत्पाद का सृजन कर और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने उन्हे जागरुक करने के लिए ऐसी कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक बृहस्पतिवार को लोहिया पर्यावरणीय पार्क में किया जाएगा, जिसमें दुग्ध उद्योग से साथ–साथ बेकरी से सम्बन्धित, दलहन एवं तिलहन उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग, फल आधारित उत्पाद उद्योग, हर्बल उत्पाद उद्योग, मशरूम उत्पादन, मसाला आधारित




उद्योग, आचार मुरब्बा सिरका उद्योग सहित बीस अन्य उद्योगो की स्थापना एवं उन्नयन के लिए सरकार द्वारा विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है, उक्त योजना के बारे में विस्तार से जानने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला उद्यान विभाग आफिस में सम्पर्क करें। कार्यक्रम का संचालन स0उ0नि0 भोला प्रजापति द्वारा किया गया, इस अवसर पर डी0आर0पी0 अदित्य मौर्या, करन सिंह, उद्यान विभाग से उद्यान निरीक्षक रविन्द्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, भोला प्रजापति, वंशराज प्रजापति, सुभाष सिंह, अभिलाष सिंह, अंशुल चतुर्वेदी, पंकज सिंह, पीयूष सिंह, समेत दर्जनो उद्यमी एवं कृषक उपस्थित रहे।

# युवा दिवस : वैदिक ज्ञान ही मानवता का पथ प्रदर्शन कर सकता है —रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

लखनऊ ब्यूरो : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि दुनिया वैज्ञानिक प्रगति के साथ–साथ अवसाद से घिरती जा रही है। मनोरोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। दुनिया के देशों में विलगाव इसके उदाहरण हैं। मानव आत्मिक सुख को ऐसे ढूंढ रहा है जैसे कोई मृग जंगल में कस्तूरी ढूंढता फिरे। यह मानवता के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि भारत का वैदिक ज्ञान ही इस युग में मानवता का पथ प्रदर्शन कर सकता है। स्वामी विवेकानंद ने सनातन धर्म को पूरी दुनिया में फैलाया। उनके बाद विश्व स्तर पर महेश योगी ने सनातन धर्म का प्रचार–प्रसार किया। मानवता के समक्ष जब जब संकट आया तब–तब समाज में ऐसे युगपुरुषों का आगमन हुआ जिन्होंने देश को राह दिखाई है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल की आध्यात्मिक गंगा को महर्षि महेश योगी ने समृद्ध किया। वैदिक साहित्य के माध्यम से महेश योगी के संकल्प की आज दुनिया में आवश्यकता बढ़ती जा रही है। भारतीय संस्कृति का प्रचार–प्रसार कुमारी भट्ट व आचार्य शंकर का स्मरण कराता है। वह समाज में बढ़ती अज्ञानता को लेकर दुखी होते थे। कुमारी भट्ट को काशी में एक रानी वैदिक धर्म के उत्थान के लिए चिंतन करती मिली। तब कुमारी भट्ट ने कहा कि मैं यह काम करूंगी। उन्होंने पूरे विश्व को बताया कि सम्पूर्ण ज्ञान वेदों में हैं। आगे चलकर उनके इस संकल्प को शंकराचार्य द्वारा पूर्णता प्राप्त कराई




गई। मन बड़ा होने से बढ़ता है आध्यात्म का स्तर रक्षामंत्री ने कहा कि जैसे–जैसे आपका मन बड़ा होता जाएगा अध्यात्म का स्तर बढ़ता जाएगा। संसार में फूल, जल और फल सबका अपना धर्म है। वह अपना धर्म त्याग दे तो अस्तित्व खो देगा। ऐसे ही मनुष्य का धर्म है सत्कर्म, दया और मानवता। यदि वह अपना धर्म खो देंता है तो अस्तित्व पर संकट आएगा। रक्षामंत्री ने कहा कि हमने कुछ ऐसे लोग देखे हैं जो खुद को नास्तिक कहलाना पसंद करते हैं पर आंतरिक कर्मो से बड़े धार्मिक होते हैं। आत्मा व परमात्मा से मनुष्य कितना जुड़ पाता है यह उसकी अध्यात्म वृत्ति से ही पता लगता है।

## विधायक सौरभ श्रीवास्तव के वाराणसी से जौनपुर पहुचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया जोरदार स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र के विधायक सौरभ श्रीवास्तव, माननीय विधायक वाराणसी कैन्ट, सदस्य याचिका समिति व सचेतक, उप्र विधानसभा के आज दोपहर वाराणसी से जौनपुर पहुचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को जगदीशपुर रेलवे क्रोसिंग पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत विधायक सौरभ श्रीवास्तव जी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में चौहमुखी विकास कार्य हो रहे है व उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विकाश कार्य हो रहा है व उत्तर प्रदेश में कानून का राज्य स्थापित हुआ है। स्वागत करने वाले में भाजपा नेता पंकज श्रीवास्तव हैप्पी भाजपा नेता महेंद्र गुप्ता नगर मंत्री दीपक मिश्रा



दीपू,मंत्री नीरज मौर्य, सुलभ श्रीवास्तव,शरद श्रीवास्तव राम कृष्ण बिंद बाबा जी, संतोष निगम, अमर श्रीवास्तव, प्रियांशु सोनकर, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार, सन्दीप श्रीवास्तव पत्रकार, अनुपम श्रीवास्तव, संतोष आर्या,आर पी श्रीवास्तव अतुल गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, मनोज सिंह, विजय उपाध्याय आदि सैकड़ों भाजपा नेता कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

## पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वामी विवेकानंद जी का 160वां जन्मदिवस एवं 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का कार्यक्रम

पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा जौनपुर : सिद्दीकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम जौनपुर में स्वामी विवेकानंद जी के160वें जन्मदिवस एवं 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का कार्यक्रम पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0राज्यमंत्री(स्वतंत्र–प्रभार) युवा कल्याण एवं खेल श्री गिरीश चन्द्र यादव जी,एवं विशिष्ट अतिथि केराकत के पूर्व विधायक श्री दिनेश चौधरी जी एवं शाहगंज के मा0विधायक श्री रमेश सिंह जी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी को माल्यार्पण अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया ।अपने सम्बोधन में खेलकूद मंत्री द्वारा वर्तमान परिदृश्य में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों, आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का सलाह दिया गया ।उन्होंने ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने1893में शिकागो अमेरिका में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म के महत्व से पूरे विश्व को बड़े ही सहज तरीके से अवगत कराया था ।भारत मे स्वामी विवेकानंद जी को एक देशभक्त सन्यासी के रूप में जाना जाता है ।मुख्य एवं विशिष्ट अतिथिगण के



आगमन पर युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह एवं खेलकूद अधिकारी अतुल सिन्हा द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया ।स्टेडियम स्थित इनडोर बैडमिंटन कोर्ट में एक बड़े समक स्किन पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हुबली–धारवाड़ कर्नाटक से लाइव सम्बोधन एवं 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का सजीव प्रसारण किया गया ।कार्यक्रम स्थल पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी करंजाकला जय विक्रांत सिंह, धर्मापुर दिलीप कुमार एवं बक्शा रवि कुमार यादव, युवक एवं महिला मंगलदल के सदस्य तथा भारी संख्या में खिलाड़ी गण उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र विक्रम सिंह, लालमनी यादव एवं वेदप्रकाश उपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## परम पूज्य तजेंद्र प्रसाद महाराज के आगमन पर अक्षत ग्रुप इंफ्रा डेवलपर के डायरेक्टर विनय कुमार वर्मा ने किया स्वागत

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।जनपद गोंडा में परम पूज्य तेजेंद्र प्रसाद महराज जी के आगमन पर अक्षत ग्रुप इंफ्रा डेवलपर के डायरेक्टर विनय कुमार वर्मा एवं सर्वेश पाठक राष्ट्रीय महासचिव भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भारतीय जनता पार्टी और उनके सभी कार्यकर्ताओं ने फूल माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। मिली जानकारी के अनुसार तजेंद्र महाराज जी चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट लखनऊ से स्वामीनारायण मंदिर गोंडा के लिए प्रस्थान हुए उनके स्वागत के लिए सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसमें अक्षत ग्रुप इंफ्रा डेवलपमेंट के डायरेक्टर विनय कुमार वर्मा उनके सहयोगी पृथ्वीराज, राज यादव,अन्नू



यादव अवधेश वर्मा स्वागत के लिए अयोध्या से गोंडा पहुंचे।

## युवा बेरोजगार राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं का उठाए लाभ —बच्चा सोनकर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के एक स्थानीय होटल में शाइनिंग स्टार्स कंपनी ने अपना ग्यारहवां स्थापना दिवस काफी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर शाइनिंग स्टार्स द्वारा अपने कर्मचारियों व अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चिरंजीव नाथ सिन्हा, एडीसीपी मध्य, सम्माननीय अतिथ के रूप में उपस्थित बिल्हौर से भाजपा विधायक राहुल बच्चा सोनकर , विशिष्ठ अतिथि के रूप में अनिल अग्रवाल—प्रबंध निदेशक सेंट जोसेफ ग्रुप एवं सबीहा अहमद सदस्य सुन्नी वक्फ बोर्ड उपस्थित थे। कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कंपनी के वाईस प्रेजिडेंट देव चिन्मय ने शाइनिंग स्टार्स द्वारा युवाओं के प्रति किये जा रहे कार्यों का परिचय दिया। देव के अनुसार शाइनिंग स्टार्स द्वारा पिछले वर्ष आठ हजार से भी ज्यादा लोगो को नौकरी प्रदान की गयी है। ज्ञात हो की शाइनिंग स्टार्स देश के विभिन्न कॉर्पोरेट कंपनियों को मानव संसाधन की सेवा प्रदान करती है। कंपनी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यह सेवा नौकरी ढूंढ रहे युवक—युवतियों को निशुल्क प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कहा की आज के इस प्रतियोगी दौर में शाइनिंग स्टार्स जैसे संस्थानों की भूमिका युवाओं को सही मार्ग दर्शन देने में काफी अहम हो गयी है। अपने संबोधन में विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने शाइनिंग स्टार्स के प्रयासों की काफी सराहना की तो वही उन्होंने युवाओं को राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे बेरोजगारों के लिए लाभकारी योजनाओं से भी जुड़ने का आह्वान किया। वही राजध



ानी के जाने माने शिक्षाविद् सेंट जोसेफ ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन्स के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने कहा की कैरियर को लेकर छात्र—छात्राओं को स्कूली दौर से ही सजग करने की जरुरत है ताकि वो अपने कैरियर का सही से चुनाव कर सके। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवा एवं प्रदर्शन के लिए अधिकारीयों को सम्मानित किया गया। सुम्बुल खान को बेस्ट परफॉर्मर 2022 का पुरस्कार दिया गया एवं किरण यादव को सुपर्ब बिजनेस लीडर का अवार्ड दिया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने दिल्ली, मुंबई एवं लखनऊ से विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनी के मानव संसाधन अधिकारी भी उपस्थित थे। स्थापना दिवस समारोह के अंत के अंत में शाइनिंग स्टार्स के सीईओ मोहम्मद कामिल एवं अविरल सोनकर ने उपस्थित अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में दीपक कुमार, साई शरणम फाउंडेशन के अध्यक्ष साई दास पंकज शुक्ला, पार्षद आदर्श पांडेय, सोनल सोनकर,अभिषेक श्रीवास्तव, नेहा तिवारी, अनुभा तिवारी, सलील श्रीवास्तव, उमर खान, सौम्या सिंह, सोनाली यादव आदि उपस्थित थें। मंच का संचालन कंपनी के ट्रेनिंग हेड अली मुस्तफा रिजवी एवं रीतिका आहूजा ने संयुक्त रूप से किया।

## स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में एस०के०डी०एकेडमी में मनाई गई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 12 जनवरी 2023 को एस०के०डी०एकेडमी की सभी शाखाओं में स्वामी विवेकानन्द जी की जन्म तिथि मनाई गई । इस अवसर पर शिक्षकगण व कुछ उपस्थित विद्यार्थियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये । विद्यार्थियों ने उनकी महान शख्सियत के बारे में बताया व भाषण दिया उनके अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हुये भाषण के बारे में एवं उनके लेक्चर्स के बारे में चर्चा हुई । इस अवसर पर संस्था के निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिये कि हमारे देश में इस महान शख्सियत व आध्यात्मिक व्यक्तित्व का जन्म हुआ । इन्होनें भारत का प्रतिनिधित्व पहली अन्तर्राष्ट्रीय सभा के लिए किया। भारतीय संस्कृति के द्वारा भारत में ही नहीं विदेशों में भी लोगो को जाग्रत किया। इन्होंने गरीबों के उत्थान में व उनके विकास के लिये कई महत्वपूर्ण कार्य किये। 1897 में आपने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की जिससें गरीबों की सामाजिक समस्याओं का निवारण हो सके । उन्होनें कहा कि हम जैसे युवाओं का कर्तव्य है कि ऐसे व्यक्तित्व के बारे में और जाने व उनके किये कार्यों का अनुसरण करने का प्रयास करें



। उन्होंने भारतीय एकीकरण के लिए अभूतपूर्व प्रयास किये। भारत सरकार ने उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान दिया एवं वर्ष 1984 में उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। 1893 में अमेरिका के शिकागो में हुये विश्व धार्मिक सम्मेलन में उन्होंने भारत और हिंदुत्व का प्रतिनिधित्व किया था।

## अस्थायी कर्मचारियों का एलान : 16 जनवरी से करेंगे हड़ताल

अलीगढ़ ब्यूरो : दिसंबर महीने की तनख्वाह न मिलने को लेकर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अस्थायी कर्मचारियों का गुस्सा दिन—ब—दिन बढ़ता रहा है। एएमयू इंपलाइज यूनियन के महासचिव कामरेड शमीम अहमद ने कहा कि हमें दुश्मन मिटाना चाहते हैं, इसलिए सभी एकजुट हो जाएं। बुधवार को विक्टोरिया गेट के पास एकत्र होकर 16 जनवरी से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। कामरेड शमीम ने कहा कि अगर सभी एकजुट नहीं होंगे तो खत्म हो जाएंगे। यह वक्त बहुत नाजुक दौर में हैं। दुश्मनों की तरफ से साजिश रची जा रही है। कर्मचारियों ने कहा कि शनिवार तक कोई फैसला उनके हक में नहीं हुआ, तो सोमवार से हड़ताल पर चले जाएंगे। कर्मचारियों ने कहा कि तनख्वाह मसला नहीं है, बल्कि 1559 कर्मचारियों को स्थायी करने का है। यह इंतजामिया को तय करना है कि वह कैसे होगा। यह मसला अब कर्मचारियों का नहीं रह गया है। साथ ही सेवा विस्तार एक साल के लिए किया जाए। तनख्वाह और स्थायी की मांग को लेकर



कर्मचारी लगातार काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं। उधर, कर्मचारियों की तनख्वाह को लेकर इंतजामिया फिक्रमंद है।

## उत्तर प्रदेश में धार्मिक केंद्रों के विकास पर बल और तीर्थ यात्राओं को बढ़ावा — मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अयोध्या और काशी के बाद अब प्रदेश सरकार मथुरा, वृंदावन में भी भव्य कॉरिडोर बनाने की ओर अग्रसर है इसके साथ ही प्रदेश में तीर्थयात्राओं को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के सभी छोटे व स्थानीय महत्व के धार्मिक स्थलों का विकास भी किया जा रहा है, जिससे तीर्थ यात्राओं को बढ़ावा तो मिलेगा ही रोजागर के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। प्रदेश सरकार निवेश लाने के लिए जो अभियान चला रही है उसके केंद्र बिंदु में तीर्थ पर्यटन एक महत्वपूर्ण बिंदु रखा गया है जिसके कारण निवेशक बड़ी संख्या में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आ रहे हैं। यह प्रदेश सरकार की मेहनत का ही परिणाम है कि इस बार आंग्ल नववर्ष पर प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों व धार्मिक केंद्रो पर भारी भीड़ उमड़ी।प्रदेश के प्रमुख आस्था केन्द्रों अयोध्या, मथुरा, काशी सहित तमाम छोटे बड़े आस्था केंद्रों पर भक्तों का अभूतपूर्व आगमन देखा गया । भक्तों का उत्साह इतना प्रबल था कि कड़ाके की ठंड का उन पर प्रभाव नहीं हो रहा था। आम हिंदू जनमानस नव्य काशी में बाबा भोलेनाथ का दर्शन करने के लिए आतुर था।काशी विश्वनाथ मंदिर में नया कारिडोर बनने के बाद विगत वर्ष से अब तक11 करोड़ से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।यही स्थिति अयोध्या नगरी में भी रही। वहीं लखनऊ के चंद्रिका देवी मंदिर में भी दो लाख से अधिक भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचे।यहां पर दर्शन करने के लिए आये दर्शनार्थियों का मानना था कि योगी सरकार आने के बाद यहाँ अच्छी व्यवस्था हो गई है विशेषकर सड़कें अच्छी हो गई हैं और यातायात की सुविधा भी सुलभ है। प्रदेश में तीर्थ यात्राओं के महत्व को ध्यान में रखते हुए अब प्रदेश सरकार ब्रज के सभी गुमनाम धार्मिक स्थलों का विकास तो करेगी ही मथुरा के बांके बिहारी जी का भव्य कारिडोर बनाने की ओर भी बढ़ चली है।प्रदेश सरकार पांच एकड़ क्षेत्र में 506 करोड़ रूपए से वहां भव्य और दिव्य परिसर तैयार करायेगी।नए परिसर में परिक्रमा मार्ग स्थित जुगल घाट से मुख्य प्रवेश द्वार होगा।परिसर का स्वरूप ऐसा तैयार किया गया है कि उसके अंदर प्रवेश करते ही आराध्य की छवि श्रद्धालु निहार सकेंगे।परिसर के लिए भवन सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है।यहां बनने वाले प्रस्तावित परिसर में करीब आठ सौ वर्ग मीटर का कान्हा की लीलाओं के चित्रों से सुसज्जित गलियारा होगा और इसी गलियारे पर श्रद्धालुओं की दर्शन के लिए कतार लगेगी।इसी में मंदिर से जुड़ा प्रथम तल होगा।मंदिर आने के लिए 20 से 25 मीटर चौडेध रास्ते बनेंगे जिसमें पहला रास्ता सीधे मंदिर तक पहुंचेगा।नए परिसर में करीब 900 मीटर का परिक्रमा मार्ग भी होगा। कुल मिलाकर बांके बिहारी मंदिर का गलियारा बहुत ही भव्य बनाए जाने का प्रस्ताव पारित हो चुका है। गलियारे का प्रथम तल 2,380 वर्गमीटर का होगा।1,150 वर्गमीटर में प्रतीक्षालय बनाया जाएगा।जुगल घाट, विद्यापीठ चौराहा और जादौन पार्किंग से तीन प्रवेश द्वार बनाये जाएंगे।1,800 वर्गमीटर में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण होगा। बांके बिहारी मंदिर में प्रस्तावित परिसर में 800 वर्गमीटर




में पूजा समाग्री की दुकानें भी खोली जाएंगी। ब्रज के तीर्थों का विकास करने के लिए उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से जिनका जीर्णाद्धार किया जा रहा है उसमें एक "ताज बीबी" और रसखान का समाधि स्थल भी है।यह दोनों ही भगवान कृष्ण के अनन्य भक्तों में से एक हैं जो मुस्लिम समुदाय के होते हुए भी भगवान कृष्ण को मानते थे।इन मुस्लिम भक्तों के समाधि स्थल पूरी तरह से खंडहर हो चुके थे जिनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है।ताज बीवी और रसखान के समाधि स्थल का जीर्णोद्धार हो जाने के बाद यहां पर भी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है।यहां पर 500 लोंगो के लिए ओपन थिएटर बनाया गया है जिसमें ताज बीवी और रसखान के जीवन कार्यां पर षो आयोजित किए जाते हैं।इस कार्यक्रम की लोकप्रियता को देखते हुए अब ब्रज के सभी गुमनाम धार्मिक स्थलों को विकसित करने का फैसला लिया गया है और जिस पर तीव्र गति से काम जारी है। तीर्थ यात्रियों के आवा—गमन कि सुविधा के लिए आगरा और मथुरा का हैलीपैड दो से तीन माह में तैयार हो जाएगा।लखनऊ में रमाबाई उद्यान के सामने हैलीपैड तैयार है और अयोध्या का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जून तक पूरा हो जाने की संभावना है। प्रदेश मे तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए पुराणों में वर्णित नैमिषारण्य धाम के लिए नैमिषारण्य तीर्थ विकास बोर्ड की घोषणा की गई है जिसके अंतर्गत नैमिषारण्य का भी विकास किया जाएग। इस तीर्थ विकास बोर्ड की बैठक भी हो चुकी है साथ ही यहाँ पर ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ कई प्रकार के कार्य किए जाएंगे। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का कहना है कि बुंदेलखंड के किलों, महलों को विकसित करके पर्यटकों को उनमें ठहराने का निर्णय लिया गया है।पर्यटन का वार्षिक कैलेंडर जारी करते हुए मंत्री ने कहा कि रेल, जल व वायु कनेक्टिविटी का विस्तार करके पर्यटकों को प्रदेश की ऐतिहासिक, धर्मिक व पौराणिक महत्व के स्थलों की ओर आकर्षित किया जा रहा है।पर्यटन मंत्री का कहना है कि पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार सृजन की असीमित संभावनाएं है। सुविधाओं के विकास के कारण प्रदेश पर्यटकों विशेष रूप से तीर्थ यात्रियों की पहली पसंद बन रहा है। आगामी 1 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होते ही अयोध्या सहित प्रदेश के तमाम धार्मिक केंद्रों पर भारी भीड़ उमड़ेगी यह अभी से तय है क्योंकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह त्रिपुरा की एक जनसभा में जनता से अपील कर चुके हैं किआप लोग भव्य राम मंदिर के दर्शन करने के लिए अभी से टिकट बुक करवा लें।

## बहन के प्रेमी ने की थी छात्रा की हत्या : दो गिरफ्तार : शिकायत की चेतावनी से चिढ़कर अंजाम दी थी वारदात

लखनऊ ब्यूरो : इटौंजा के गनेशपुर गांव में होमगार्ड की बेटी महक की हत्या उसकी बड़ी बहन के प्रेमी पवन कुमार ने की थी। पुलिस के मुताबिक, महक ने आरोपी की शिकायत पिता से करने की चेतावनी दी थी। इससे चिढ़कर ही पवन ने अपने दोस्त संग मिलकर वारदात अंजाम दी। बुधवार को गिरफ्त में आए आरोपियों ने जुर्म कुबूल कर लिया है। डीसीपी उत्तरी सै. कासिम आब्दी के मुताबिक, एक जनवरी की सुबह नित्यक्रिया के लिए निकली महक का शव बाग में मिला था। मूलचंद्र ने रंजिश से इनकार किया था। हत्या की वजह भी स्पष्ट नहीं हो रही थी। ऐसे में घटनास्थल के पास सक्रिय रहे मोबाइल नंबरों को खंगाला गया। इस दौरान एक नंबर का मिलान महक की बड़ी बहन के नंबर से हो गया। इस पर कई बार कॉल हुई थी। संदिग्ध नंबर को ट्रैक करते हुए पंजाबी ढाबे पर काम करने वाले पवन कुमार के बारे में पता चला। उसकी दोस्ती महक की बड़ी बहन से थी। डीसीपी के मुताबिक, बुधवार को हर्षा इंस्टीट्यूट के पास से इटौंजा बरगदी निवासी पवन कुमार



और सीतापुर के रामकोट निवासी राजबाबू को दबोचा गया। दोनों के पास से बाइक बरामद हुई। पवन ने पूछताछ में बताया कि नववर्ष पर दोस्त राजबाबू को साथ लेकर प्रेमिका से मिलने गया था। गांव के पास महक ने उसे देखकर धमकी दी थी कि तुम दीदी से मिलने आते हो। यह बात पापा को बता दूंगी। इससे चिढ़कर उसने दोस्त के साथ मिलकर महक का गला उसके दुपट्टे से घोंट दिया था। इसके बाद शव झाड़ियों में फेंक दिया था।

## पेड़ से पत्ता तोड़ते हाईटेंशन लाइन से लगा करंट : मौत

अलीगढ़ ब्यूरो : पशुओं के चारे के लिए पेड़ से पत्ता तोड़ रहा एक युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इगलास के गांव बासबली निवासी तेर सिंह (32) बुधवार को भेड़ व बकरी चराने के लिए साले धर्मवीर व बेटा सूरज के साथ जंगल में गया था। दोपहर करीब दो बजे पीपल के पेड़ से डंगी के माध्यम से पशुओं के लिए पत्ते तोड़ रहा था। पेड़ के पास से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर वह अचेत हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए।



वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक तेर सिंह अपने पीछे पत्नी रचना, बेटे दीपक, सूरज, गौतम व बेटी नंदनी को छोड़ गए।

## उत्तर कुंजी पर 69 हजार आपत्तियां : लगभग प्रत्येक प्रश्न के उत्तर पर जताई गई आपत्ति

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा की उत्तर कुंजी पर करीब 69 हजार आपत्तियां आई हैं। अब इनके निस्तारण के बाद भी इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में दायर याचिकाओं का निस्तारण




आयोग के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। लेखपाल के 8085 पदों के लिए 31 जुलाई 2022 को हुई परीक्षा में 2.47 लाख अभ्यर्थियों में से 2,12,863 मौजूद रहे। एक अगस्त को आयोग ने उत्तर कुंजी जारी कर आपत्तियां मांगी थीं, जिसके बाद 100 प्रश्नों में से लगभग सभी प्रश्नों के उत्तर पर 69 हजार आपत्तियां आईं। इस पर तीन प्रश्न का उत्तर गलत मानते हुए आयोग ने फिर अंतिम कुंजी जारी की। इससे असंतुष्ट होकर अभ्यर्थी हाईकोर्ट चले गए। अब सभी याचिकाओं का निस्तारण होने के बाद ही आयोग अंतिम परिणाम जारी करेगा। इसके अलावा कुछ दिव्यांग अभ्यर्थियों ने आरक्षण के निर्धारण को लेकर हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनका तर्क है कि आयोग ने सभी श्रेणी के दिव्यांगों का एक मुश्त आरक्षण निर्धारित किया है जबकि नेत्रहीन, मूक बधिर, विकलांग का अलग—अलग होना चाहिए। प्रति आपत्ति 100 रुपये शुल्क लेगा आयोग भविष्य में होने वाली सभी परीक्षाओं के लिए आयोग उत्तर कुंजी पर प्रति आपत्ति 100 रुपये शुल्क लेगा। इससे पहले आपत्तियां निशुल्क दायर की जाती थीं। आयोग का मानना है कि निशुल्क होने से अभ्यर्थी प्रत्येक प्रश्न के उत्तर पर आपत्ति दर्ज कराते थे।

## जीजा ने साले को मारी गोली : हालत गंभीर

अलीगढ़ ब्यूरो : हरदुआगंज के गांव इमलानी में जीजा—साले के बीच हुए झगड़े में जीजा ने साले को गोली मार दी। गोली लगने से साला जख्मी होकर वहीं गिर गया। आरोपी जीजा बाइक लेकर भाग रहा था जिसे स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने पकड़ लिया। घायल को मेडिकल कॉलेज ने भर्ती कराया गया है। वह आईसीयू में भर्ती है।



बुलंदशहर के डिबाई क्षेत्र के गांव इंदौर खेड़ा निवासी दुष्यंत मंगलवार को कासगंज के ढोलना थाना क्षेत्र के गांव महावर स्थित अपनी ससुराल आया था। यहां से बुधवार को वह साले राजकुमार के साथ हरदुआगंज क्षेत्र के गांव इमलानी में बुआ सास के यहां आ रहा था। इसी बीच जलाली क्षेत्र के भटौला गांव के निकट दुष्यंत ने नशे में धुत साले राजकुमार को दो गोली मार दीं। गोली मारने के बाद आरोपी दुष्यंत बिना नंबर की अपाचे बाइक लेकर भागने लगा। स्थानीय लोगों की सूचना पर घटनास्थल से एक किमी दूर मौजूद पुलिस ने दबोचा लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा और एक कारतूस बरामद कर लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक बृजपाल सिंह ने घायल को एंबुलेंस की मदद से जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक के अनुसार घायल की हालत अभी चिंताजनक बनी हुई है। पूछताछ में आरोपी ने साले द्वारा गाली—गलौज करने तथा मारपीट करने के कारण गुस्से में गोली मारने की बात कही है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे साजिशन गोली मारने की घटना बता रही है। घायल को उपचार के लिए जेएन मेडिकल भेज दिया गया है। आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से तमंचा बरामद हुआ है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय— हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता—ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक— श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0—7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या — 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार—पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।